बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-95
20/02/2019

हिन्दी जगत के मशहूर साहित्यकार और आलोचना की विधा के शिखर पुरुष डॉ0 नामवर सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 20 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हिंदी जगत के मशहूर साहित्यकार और आलोचना की विधा के शिखर पुरुष डॉ0 नामवर सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व0 डॉ0 नामवर सिंह हिन्दी जगत के प्रख्यात साहित्यकार एवं आलोचक थे। उनका ना सिर्फ हिन्दी साहित्य की दुनिया में अहम योगदान था बल्कि शिक्षण के क्षेत्र में भी उनका खासा योगदान था। स्व0 डॉ0 नामवर सिंह ने विभिन्न विश्वविद्यालयों यथा – काशी विश्वविद्यालय, सागर विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में अध्यापन का कार्य किया था। उन्होंने समीक्षा, छायावाद और विचारधारा जैसी किताबें लिखी जो बेहद चर्चित है। उन्हें साहित्य अकादमी सम्मान से भी नवाजा गया था। उनके निधन से ना सिर्फ हिन्दी साहित्य बल्कि शिक्षण के क्षेत्र में भी अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******